कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज।

पत्रांक 112/MRZ /डी.एल.एस.ए./2024 दिनांक–12.06.2024

विज्ञप्ति

माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक संख्या–1538/एसएलएसए–37ए/2010 दिनांकित–06.05.2024 के अनुपालन में जनपद महराजगंज में स्थापित ए.डी.आर. केन्द्र/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज में निम्न पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

क्र0सं0	पद का नाम	पदों की संख्या	पद की प्रकृति	मासिक मानदेय की धनराशि (रूपये में)
1	तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक)	02	संविदा (वार्षिक)	10730/–रूपये

शैक्षिक योग्यता:–इण्टरमीडिएट या समकक्ष, हिन्दी टंकण का ज्ञान (25 शब्द प्रति मिनट) अंग्रेजी टंकण का ज्ञान (30 शब्द प्रति मिनट)

नोट:–कम्प्यूटर का ज्ञान (CCC) रखने वाले अभ्यर्थी को वरियता दी जायेगी।

उम्र:–आवेदक की आयु 31 मई, 2024 को 18 वर्ष से कम न हो व 35 वर्ष से अधिक न हो।

तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) संविदा पदों हेतु सृजित किये गये पदों का कार्यकाल एक वर्ष का होगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुये जनपद न्यायालय, महराजगंज में स्थित ए.डी.आर. भवन, **जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज के कार्यालय में** दिनांक–24.06.2024 को सायं 05:00 बजे तक जमा करना होगा। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा। इसी प्रकार अपूर्ण आवेदन पत्रों को अस्वीकृत कर दिया जायेगा और जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र मय शैक्षणिक योग्यता उक्त कार्यालय में उक्त नियत दिनांक तक प्राप्त हो जायेंगे व जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र वैध पाये जाते हैं, उन अभ्यर्थियों को टाईपिंग टेस्ट व साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा। टाईपिंग टेस्ट व साक्षात्कार की नियत तिथि की सूचना अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदन–पत्र में दिये गये मोबाइल नम्बर/ई–मेल पर सूचित किया जायेगा। टाईपिंग टेस्ट व साक्षात्कार के लिये अभ्यर्थियों को कोई टी.ए./डी.ए. नही दिया जायेगा।

संलग्नक:–आवेदन पत्र का प्रारूप

(मनोज कुमार जाटव)
अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महराजगंज।
अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जनपद न्यायालय परिसर, महराजगंज

प्रतिलिपि:–

1–केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय महराजगंज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि यह उक्त विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये।

2–जिलाधिकारी महराजगंज को इस आशय से प्रेषित कि कलेक्ट्रेट व अधीनस्थ तहसीलों के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति को चस्पा कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

3–सिस्टम आफिसर,कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय महराजगंज को उक्त विज्ञप्ति व आवेदन का प्रारूप माननीय उच्च न्यायालय व जनपद न्यायालय महराजगंज की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

4–जिला सूचना अधिकारी, महराजगंज को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में अविलम्ब प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें।

दिनांक–12.06.2024

(मनोज कुमार जाटव)
अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महराजगंज।
अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जनपद न्यायालय परिसर, महराजगंज

जनपद न्यायालय महराजगंज में स्थित ए.डी.आर. भवन/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज में तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) संविदा पर नियुक्ति हेतु।

आवेदन का प्रारूप

आवेदित पद का नामः–..

फोटो चस्पा करें।

1. आवेदक का नाम हिन्दी में:–..

   Name in English (Capital Letter)

2. आवेदक के पिता का नामः–..
3. जन्मतिथि (अंकों में):–..

   (शब्दों में):–..
4. आयुः–..
5. आवेदक का वर्तमान पताः–..
   ....(मोबाइल/व्हाट्सएप नम्बर)..
6. आवेदक का स्थाई पताः–..
   ....(मोबाइल नम्बर).. ई–मेल आईडी..
7. शैक्षिक योग्यता एवं प्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करें।
8. सामान्य जाति, पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति।

क्र0सं0	शैक्षिक योग्यता	बोर्ड/विश्वविद्यालय कानाम	वर्ष	श्रेणी/प्रतिशत
1	हाईस्कूल/समकक्ष			
2	इण्टरमीडिएट/समकक्ष			
3	स्नातक			
4	अन्य			

9. कम्प्यूटर पर कार्य करने हेतु सक्षम हैंः–हॉ/नही
10. ऐसी कोई भी विशेष अर्हता जिसका उल्लेख करना चाहते हो..

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांकः–

स्थानः–

उद्घोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनायें मेरी निजी ज्ञान में सही व सत्य है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनायें गलत या असत्य पायी जाये तो उसकी पूर्ण रूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं होगा/होंगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरुद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम/शर्तों का अवलोकन कर लिया गया है।

संलग्नकः–

1.
2.
3.
4.
5.
6.
7.
8.

दिनांकः–

स्थान

आवेदक के हस्ताक्षर